# सहारनपुर विकास प्राधिकरण,
# सहारनपुर।

## 58वीं बोर्ड बैठक

# विचाराधीन विषयों की सूची

दिनांक : 14.02.2020
समय : सांय 2.00 बजे
स्थान : कैम्प कार्यालय
आयुक्त, सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner

179

# विषय सूची


| एजेन्डा आईटम सं0 | विषय | पृष्ठ सं0 |
|---|---|---|
| 58/01 | दिनांक 21–08–2019 को सम्पन्न हुई 57वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि। | 1 |
| 58/02 | दिनांक 21–08–2019 को सम्पन्न हुई 57वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | 2 |
| 58/03 | वित्तीय वर्ष 2018–19 की बैलेन्स शीट, वित्तीय वर्ष 2019–20 में दिनांक 31.12.2019 तक के वास्तविक आंकड़े एवं वित्तीय वर्ष 2020–21 के प्रस्तावित आय–व्ययक अनुमान की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | 3 – 41 |
| 58/04 | भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 15.11.2016 द्वारा प्रख्यापित भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम, 2016 को उत्तर प्रदेश में अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 1646/8–3–18–34विविध/08 दिनांक 05 अक्टूबर, 2018 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। | 42 – 46 |
| 58/05 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना के निकट निर्मित भवनों को संशोधित गणना के आधार पर पहले आओ – पहले पाओ के माध्यम से विक्रय किये जाने के संबंध में। | 47 |
| 58/06 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अन्तर्गत व्यवसायिक भूखण्डों का विभाजन करने के सम्बन्ध में। | 48 – 52 |
| 58/07 | सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर द्वारा ग्राम दरा शिवपुरी स्वाद बैरून की अर्बन सीलिंग की खसरा संख्या 24मि0, 5मि0, 20मि0 व 21मि0 का कुल रकबा 4369.44 वर्गमी0 प्राधिकरण को हस्तान्तरित भूमि पर नियोजन उपरान्त योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में। | 53 – 54 |
| 58/08 | सहारनपुर विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा में सम्मिलित किये गये नये क्षेत्र के सम्बन्ध में अधिसूचना दिनांक 28 अक्टूबर, 2016 के क्रम में 42 ग्रामों हेतु महायोजना तैयार किये जाने के सम्बन्ध में। | 55 – 56 |
| 58/09 | जनपद सहारनपुर में विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी पर सेतु पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में। | 57 – 58 |
| | अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | |


Scanned by CamScanner

दिनांक 14-02-2020 को आहूत सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 58वीं बोर्ड बैठक में उपस्थिति।

| क्र0सं0 | नाम/ पदनाम | पदेन | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1- | **श्री संजय कुमार**<br>आयुक्त<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | अध्यक्ष | |
| 2- | **श्री आलोक कुमार पाण्डेय**<br>जिलाधिकारी<br>सहारनपुर। | ~~सदस्य~~ | |
| 3- | **सचिव**<br>आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1,<br>उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 4- | **सचिव**<br>वित्त विभाग<br>उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 5- | **श्री ज्ञानेन्द्र सिंह**<br>उपाध्यक्ष<br>विकास प्राधिकरण, सहारनपुर। | उपाध्यक्ष | |
| 6- | **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक**<br>नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग<br>उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सदस्य | |
| 7- | **श्री ज्ञानेन्द्र सिंह**<br>नगर आयुक्त,<br>नगर निगम, सहारनपुर। | सदस्य | |
| 8- | **अपर निदेशक (कोषागार)**<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।<br>प्रतिनिधि- सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0शासन, लखनऊ। | सदस्य | |
| 9- | **अधीक्षण अभियन्ता**<br>उ0प्र0 जल निगम, निर्माण खण्ड, सहारनपुर। For GM | सदस्य | 14/02/2020 PM |
| 10- | **अधीक्षण अभियन्ता**<br>सहारनपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर। | सदस्य | |
| 11- | **श्री काली विभूति शुक्ला**<br>सहयुक्त नियोजक, मेरठ सम्भागीय नियोजन खण्ड, मेरठ। | सदस्य | |
| 12- | **अधीक्षण अभियन्ता**<br>नगरीय विद्युत वितरण खण्ड, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री | |
| 13- | **श्री गोर्की**<br>सहायक नगर नियोजक,<br>मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | विशेष आमंत्री | |
| 14- | **परियोजना प्रबन्धक**<br>उत्तर प्रदेश सेतु निगम, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री | |

Scanned by CamScanner

दिनांक 14-02-2020 को सम्पन्न हुई सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 58वीं बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थिति :-

| | | |
|---|---|---|
| 1- | श्री संजय कुमार<br>आयुक्त<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | अध्यक्ष |
| 2- | श्री आलोक कुमार पाण्डेय<br>जिलाधिकारी,<br>सहारनपुर। | सदस्य |
| 3- | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>उपाध्यक्ष<br>विकास प्राधिकरण, सहारनपुर। | उपाध्यक्ष |
| 4- | श्री ज्ञानेन्द्र सिंह<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम, सहारनपुर। | सदस्य |
| 5- | श्री गोविन्दजी शुक्ला<br>अपर निदेशक (कोषागार)<br>सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर। | सदस्य |
| 6- | श्री के0वी0शुक्ला<br>सहयुक्त नियोजक,<br>मेरठ सम्भागीय नियोजन खण्ड, मेरठ<br>प्रतिनिधि-मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,<br>नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 7- | श्री संदीप कुमार<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर। | सदस्य |
| 8- | श्री राजेन्द्र सिंह<br>परियोजना अभियन्ता<br>प्रतिनिधि- अधीक्षण अभियन्ता<br>उ0प्र0 जल निगम, सहारनपुर। | सदस्य |
| 9- | श्री पंकज<br>अधीक्षण अभियन्ता<br>नगरीय विद्युत खण्ड, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री |
| 10- | श्री गोर्की<br>सहायक नगर नियोजक<br>मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ। | विशेष आमंत्री |
| 11- | श्री जे0एस0 सयाना<br>परियोजना प्रबंधक<br>उ0प्र0 सेतु निगम, सहारनपुर। | विशेष आमंत्री |

Scanned by CamScanner

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/01**

**विषयः दिनांक 21-08-2019 को सम्पन्न हुई 57वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनांक 21.08.2019 को सम्पन्न हुई 57वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/02**

**विषयः दिनांक 21-08-2019 को सम्पन्न हुई 57वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया। एजेण्डा आईटम संख्या 57/06 पर अंकित प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत किये जा रहे मानचित्रों में नियमानुसार रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना सुनिश्चित कराने के संबंध में निर्देशित किया गया कि विकास प्राधिकरण के गठन से अब तक 300 वर्गमी0 या उससे ऊपर के स्वीकृत मानचित्रों की सूची तैयार करते हुए प्रश्नगत स्थलों पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कराने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करे। यदि भवन स्वामी द्वारा स्वयं रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना नहीं की जाती है तो प्राधिकरण अपने स्तर से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रेनवाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना कराना सुनिश्चित करें तथा उस पर हुए व्यय को भवन स्वामी से वसूल करें।

एजेण्डा आईटम संख्या 57/07 हकीकत नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र के संबंध में निर्देशित किया गया कि सामुदायिक केन्द्र के संचालन हेतु जनसामान्य को निविदा प्रक्रिया के माध्यम से सामुदायिक केन्द्र के संचालन/रख-रखाव आदि की कार्यवाही हेतु विगत वर्षों में आय एवं व्यय के ब्यौरे के साथ गाइडलाइन्स तैयार करते हुये कार्यवाही की जाये।

उक्त के अतिरिक्त मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण द्वारा पूर्व में विनियमित की गयी 44 कालोनियों के संबंध में निर्देशित किया गया कि विनियमित की गयी 44 कालोनियों के शमन मानचित्र स्वीकृत कराने हेतु पुनः समाचार पत्रों में विज्ञप्ति निकालें। अवर अभियन्तावार सर्वे करने एवं लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी भवनों को शमन मानचित्र स्वीकृत कराने की कार्यवाही करते हुए राजस्व प्राप्त किया जाये। यदि भवन स्वामियों द्वारा शमन मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया जाता है तो आंकलित शमन शुल्क को आर0सी0 जारी कर वसूली हेतु कार्यवाही की जाये।

उक्त के अतिरिक्त मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मा0 श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित भवनों के आवंटन के सत्यापन के संबंध में नगर निगम का वरिष्ठ अधिकारी, डूडा का अधिकारी एवं मजिस्ट्रेट की एक समिति बनाकर जिलाधिकारी, सहारनपुर के निर्देशानुसार सत्यापन कराते हुए अवैध रूप से काबिज लोगों से मकान खाली कराते हुए पुनः आवंटित किये जाने के संबंध मे अग्रिम कार्यवाही की जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/03**

**विषयः वित्तीय वर्ष 2018-19 की बैलेन्स शीट, वित्तीय वर्ष 2019-20 में दिनांक 31.12.2019 तक के वास्तविक आंकड़े एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 के प्रस्तावित आय-व्ययक अनुमान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्राधिकरण के सी0ए0 एवं वित्त लेखाधिकारी द्वारा एजेण्डा में प्राधिकरण की रिक्त सम्पत्तियों का स्पष्ट विवरण संलग्न न करने के लिये चेतावनी दी गयी तथा निर्देशित किया गया कि उक्त विवरण परिचालन के माध्यम से मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करें।

मा0 बोर्ड द्वारा उक्त प्रस्ताव सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया।

Scanned by CamScanner

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/04**

**विषयः भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 15.11.2016 द्वारा प्रख्यापित भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम, 2016 को उत्तर प्रदेश में अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या 1646/8–3–18–34विविध/08 दिनांक 05 अक्टूबर, 2018 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 बोर्ड द्वारा शासनादेश के अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से अंगीकृत किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/05**

**विषयः ट्रांसपोर्ट नगर योजना के निकट निर्मित भवनों को संशोधित गणना के आधार पर पहले आओ–पहले पाओ के माध्यम से विक्रय किये जाने के संबंध में।**

मा0 बोर्ड द्वारा एजेण्डा के अवलोकनोपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/06**

**विषयः ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अन्तर्गत व्यवसायिक भूखण्डों का विभाजन करने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/07**

**विषयः सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर द्वारा ग्राम दरा शिवपुरी स्वाद बैरून की अर्बन सीलिंग की खसरा संख्या 24मि0, 5मि0, 20मि0 व 21मि0 का कुल रकबा 4369.44 वर्गमी0 प्राधिकरण को हस्तान्तरित भूमि का नियोजन उपरान्त योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/08**

**विषयः सहारनपुर विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा में सम्मिलित किये गये नये क्षेत्र के सम्बन्ध में अधिसूचना दिनांक 28 अक्टूबर, 2016 के क्रम में 42 ग्रामों हेतु महायोजना तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त प्रस्ताव में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मेरठ, बागपत–खेकडा विकास प्राधिकरण के अनुसार मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में नियमावली तैयार करते हुए मा0 बोर्ड से परिचालन के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाये।

**एजेन्डा आईटम संख्या : 58/09**

**विषयः जनपद सहारनपुर में विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी पर सेतु पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

Scanned by CamScanner

**अन्य विषय : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से**

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अमलगेशन के सम्बन्ध में मेरठ विकास प्राधिकरण एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अनुसार नियमावली तैयार करते हुए प्रस्ताव मा0 बोर्ड से परिचालन के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त कर शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाये।

(संदीप कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
सहारनपुर।

(गोविन्द शुक्ला)
अपर निदेशक (कोषागार)
सहारनपुर।

(के0वी0शुक्ला)
सहयुक्त नियोजक, मेरठ।
प्रतिनिधि–मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक
उ0प्र0 लखनऊ।

(गोकर्ण)
सहायक नगर नियोजक
मेरठ विकास प्राधिकरण,
मेरठ। (विशेष आमंत्री)

(जे0एस0सियाना)
परियोजना प्रबंधक
उ0प्र0सेतु निगम,
सहारनपुर।

(पंकज)
अधीक्षण अभियन्ता
नगरीय विद्युत वितरण खण्ड,
सहारनपुर।

(राजेन्द्र सिंह)
परियोजना प्रबंधक
प्रतिनिधि–अधीक्षण अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (निर्माण
सहारनपुर।

(ज्ञानेन्द्र सिंह)
नगर आयुक्त / उपाध्यक्ष
नगर निगम / विकास प्राधिकरण
सहारनपुर।

(आलोक कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी,
सहारनपुर।

(संजय कुमार)
अध्यक्ष / आयुक्त
विकास प्राधिकरण / सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

Scanned by CamScanner